(d) No such study has been made in India. However, all films, including video films, intended for public exhibition aie to be examined by the Central Board of Film Certification in the light of the guidelines issued by Government. According to these guidelines, while examining films for certification, the Board shall *inter-alia,* ensure that—

(i) anti-social activities such as violence are not glorified or justified;

(ii) scenes showing involvement *ol* children in violence as victims or as perpetrators or as forced witness to violence, or showing children as being subjected to any form of child abuse are not oresented; and

(iii) pointless or avoidable scenes of violence, cruelty and horror, scenes of violence primarily intended to provide entertainment and such scenes as may have the effect of desensitising people are not shown.

Doordarshan programmes are telecast after preview. The programmes are also reviewed on regular basis and suitable changes carried out wherever warranted.

Joint Venture for TV Channels

4481. SHRI PRAMOD MAHAJAN :
SHRI VIREN J. SHAH :

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether Doordarshan has[1] recently received a number of foreign proposals for joint venture television channels;

(b) if so, what are the details of each of these proposals; and

(c) what action has. been taken or is proposed to be taken on each of these proposals ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO) : (a) and (b) Yes, Sir. Proposals for leasing of transponders of INSAT have been received.

(c) The proposals are at different stages of evaluation.

Sale of Doordanlum Programmes in International Market

4482. SHRI SURESH KALMADI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether it is[1] a fact that Doordarshan has decided to work as a conduit for private producers wanting to sell their programmes in the International Market;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what will be the rate of commission for Doordarshan for the job ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO) : (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Doordajghan provides marketing services for private producers programmes using its own infrastructure at IS per cent commission.

औरंगाबाद में दूरदर्शन प्रसारण केन्द्र

4483. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री 1 मार्च, 1994 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 927 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि औरंगाबाद दूरदर्शन प्रसारण केन्द्र पर सरकार द्वारा कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है और इसकी देखभाल के लिए कितने कर्मचारी कब से तैनात किये गये हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : बिहार के औरंगाबाद में स्थापित अल्प शक्ति ट्रांसमीटर हेतु, फरवरी, 94 तक 63.91 लाख रुपये का व्यय किया गया है : फरवरी, 93 से लेकर विभिन्न तारीखों में अल्प शक्ति ट्रांसमीटर केन्द्र पर 5 कर्मचारी तैनात किए गए हैं ।

भारतीय प्रेस परिषद को अधिकार प्रदान करना

4484. मौलाना अबदुल्ला खान आजमी : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय प्रेस परिषद को प्रतिवर्ष समाचार पत्रों के विरुद्ध बहुत सारी शिकायतें प्राप्त होती हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि परिषद कई मामलों में समाचार पत्रों को दोषी पाती है और समाचार पत्रों की निंदा करती है;

(ग) यदि हां, तो पिछले दो सालों में व इस साल ऐसे कौन-कौन से मुख्य मामले हैं जिसमें प्रेस परिषद ने समाचार पत्रों को गम्भीर आरोपों का दोषी पाया;

(घ) क्या यह भी सच है कि परिषद् द्वारा व्यक्त किए गए विचारों को समाचार पत्र गंभीरता से नहीं लेते हैं और परिषद को दण्डात्मक कार्यवाही करने की शक्तियां नहीं हैं;

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार प्रेस परिषद को समुचित शक्तियां प्रदान करने पर विचार करेगी जिससे परिषद अपने फैसलों को लागू करा सकें; और

(च) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) जी, हां ।

(ख) परिषद, पत्रकारिता नीतियों के मानकों अथवा जन इच्छाओं का उल्लंघन करने के दोषी पाए गए समाचार पत्रों को निर्धारित प्रक्रिया अपनाने के बाद सेंसर करती है ।

(ग) वर्ष 1991-92, 1992-93 तथा 1993-94 के दौरान प्रेस परिषद द्वारा सेंसर किए गए समाचार पत्रों के महत्वपूर्ण मामलों को दर्शाने वाला ब्यौरा विवरण में दिया गया है ।

(घ) यद्यपि परिषद के पास कोई वैधानिक प्रवर्तनीय दण्ड विधान नहीं है तथापि, यह बहुत से नैतिक अधिकार रखती है । पिछले कई वर्षों का अनुभव यह दर्शाता है कि परिषद के निर्णयों को सामान्यतया आदर दिया जाता है तथा विशिष्ट मामलों में समाचार पत्रों सहित प्रेस द्वारा उचित महत्व दिया जाता है ।

(ङ) और (च) प्रेस परिषद के निर्णयों के कार्यान्वयन हेतु इसे दण्डात्मक शक्तियां प्रदान करने का कोई प्रस्ताव नहीं है क्योंकि सामान्य तया इन्हें आदर दिया जाता है ।

विवरण

वर्ष 1991-92 के दौरान सेंसर किए गए समाचारपत्रों की सूची

क्र० सं०	विवरण
1.	प्रो० एम० एन० फारुकी, उप कुलपति, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के विरुद्ध "आज", हिन्दी दैनिक, आगरा की शिकायत ।
2.	श्री सैयद शहाबुद्दीन "आर्गेनाइजर" साप्ताहिक, नई दिल्ली की शिकायत ।
3.	निदेशक, सूचना और जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ द्वारा संपादक, दैनिक अमर उजाला, आगरा के विरुद्ध शिकायत ।
4.	श्री नन्द स्वरूप द्वारा जय बजरंग बली, डबवाली, जिला सिरसा हरियाणा की शिकायत ।
5.	श्री महेन्द्र नाथ सिंह, एडवोकेट और अध्यक्ष, जिला अपराध निरोधक समिति, फतेहपुर द्वारा संपादक, अमृत राज, फतेहपुर की हिन्दी साप्ताहिक, यू० पी० की शिकायत ।
6.	श्री दिलीप कुमार मैत्ती, मुख्याध्यापक, मोमना पूरनंदा विद्यापीठ द्वारा "धनकसेठ" नन्दा कुमार, जिला मिदनापुर, पश्चिमी बंगाल से प्रकाशित एक बंगाली साप्ताहिक की शिकायत ।
7.	आधार सूत्र फरीदाबाद के विरुद्ध, मुख्य प्रशासक, फरीदाबाद श्री जे० के० गुप्ता की शिकायत ।
8.	नव भास्कर, रायपुर, मध्य प्रदेश के विरुद्ध श्रीमती शशि साईल, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ महिला जागृति संगठन, रायपुर की शिकायत ।
9.	सांगली के मराठी दैनिक "प्रतिध्वनि" के संपादक के विरुद्ध सुश्री सुनन्दा दत्त आर्या सत्तार की शिकायत ।
10.	"मुरादाबाद भूमि", मुरादाबाद के विरुद्ध कुमारी निशा गुप्ता, आशुलिपिक की शिकायत ।
11.	सांध्य वीर अर्जुन, नई दिल्ली के विरुद्ध सुश्री सुनीता कोहली की शिकायत ।
12.	संपादक, अम्मांव टाइम्स, महाराष्ट्र के विरुद्ध श्री दशरथ दाजी टेम्बुरीकर की शिकायत ।
13.	"रायपुर टूडे", हिन्दी साप्ताहिक, वर्धा, महाराष्ट्र के विरुद्ध श्री एस० सी० मोहनिया, निरीक्षक, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, किमोरो (कटनी), मध्य प्रदेश की शिकायत' ।
14.	दैनिक मजदूर टाइम्स, चंद्रपुर, महाराष्ट्र के विरुद्ध श्रीमती रजनी पटेल की शिकायत ।
15.	कंटक पथ बिजनौर, उ० प्र० के विरुद्ध डा० जे० के० अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी की शिकायत ।
16.	संपादक, सांध्य वीर अर्जुन, हिन्दी दैनिक, नई दिल्ली के विरुद्ध श्री अनिल कुमार, सहायक, केन्द्रीय जन आयोग, नई दिल्ली की शिकायत ।

क्र०स०	विवरण
17.	संपादक "दैनिक प्रतिध्वनि", सांगली के मराठी समाचारपत्र के विरुद्ध सिम्बाइसिस की छात्रा, सुश्री अमीदा याकूब खां की शिकायत ।

वर्ष 1992-93 के दौरान सेंसर किए गए समाचारपत्रों की सूची

क्र०सं०	विवरण
1.	"नार्थ ईस्ट टाइम्स" के विरुद्ध प्रो० होमेश्वर कोकाटी, प्रवक्ता भौतिकी, बी० बरूच कालेज, गुवाहाटी की शिकायत ।
2.	"दैनिक जागरण", गोरखपुर, उ० प्र० के विरुद्ध नायब हैदर रिजवी, संपादक, दोस्त की बात, हल्लोर की शिकायत ।
3.	"दैनिक जागरण", मेरठ के विरुद्ध श्रीमती मंजु शर्मा, महा सचिव, उ०प्र० कॉंग्रेस कमेटी (आई), लेबर प्रकोष्ठ, मुजफ्फरनगर की शिकायत ।
4.	देहात, मुजफ्फरनगर के विरुद्ध श्रीमती मंजू शर्मा, महा सचिव, उ० प्र० कॉंग्रेस कमेटी (आई), लेबर प्रकोष्ठ, मुजफ्फरनगर की शिकायत ।
5.	रायल बुलेटिन, मुजफ्फरनगर के विरुद्ध श्रीमती मंजू शर्मा, महा सचिव उ० प्र० कॉंग्रेस कमेटी (आई), लेबर प्रकोष्ठ, मुजफ्फरनगर की शिकायत ।
6.	दैनिक पश्चिम ज्योति, मुजफ्फरनगर के विरुद्ध श्रीमती मंजू शर्मा, महा सचिव, उ० प्र० कॉंग्रेस कमेटी (आई), लेबर प्रकोष्ठ, मुजफ्फरनगर की शिकायत ।
7.	अमर उजाला, उ० प्र० के विरुद्ध श्रीमती मंजू शर्मा, महा सचिव, उ० प्र० कॉंग्रेस कमेटी (आई), लेबर प्रकोष्ठ की शिकायत ।
8.	दैनिक पश्चिम ज्योति, हिन्दी दैनिक, मुजफ्फरनगर उ० प्र० के विरुद्ध श्री कन्हैयालाल किंगर की शिकायत ।
9.	दैनिक रायल बुलेटिन, मुजफ्फरनगर, उ० प्र० के विरुद्ध श्री कन्हैयालाल किंगर की शिकायत ।
10.	"न्याय" हिन्दी दैनिक अजमेर, राजस्थान के विरुद्ध श्री मधुकर टण्डन, आई० पी० एस० की शिकायत ।
11.	दैनिक कलयुग दर्पण, सहारनपुर, उ० प्र० के विरुद्ध श्री जी० सी० जैन की शिकायत ।
12.	हिन्दी दैनिक अमृत वर्षा के विरुद्ध श्री पी० सी० फिलिप्स की शिकायत ।
13.	द आज, पटना के विरुद्ध श्री सीताराम राजगढ़िया की शिकायत ।
14.	लोकमत दैनिक, जलगांव के विरुद्ध—जय हिन्द शैक्षिक न्यास के अध्यक्ष, धुले की शिकायत ।
15.	"जफ टाइम्स" जम्मू के विरुद्ध श्री जी० वेलोट, परियोजना निदेशक, दमेज् सोमका बोरी-साई डुल हस्ती, जल विद्युत परियोजना, किश्तवार, जिला डोडा (जम्मू तथा कश्मीर) की शिकायत ।
16.	लोकेश्वर, हिन्दी दैनिक, बिलासपुर, म० प्र० के विरुद्ध श्रीमती माया पाठक के विरुद्ध ।
17.	मुख्य संपादक, प्रातः कमल, मुजफ्फरपुर के विरुद्ध श्री सीताराम राजगढ़िया की शिकायत ।
18.	नामधु कालुगु, तमिल साप्ताहिक, मद्रास के विरुद्ध श्रीमती एस० अक्सावली, प्रवक्ता, राजकीय विद्यालय, कुम्बाकोणम की शिकायत ।
19.	नामधु कालुगु, तमिल साप्ताहिक, मद्रास के विरुद्ध सुश्री एम० अम्बिगापति, प्रवक्ता, राजकीय विद्यालय, कुम्बाकोणम की शिकायत ।
20.	सम्पादक, "द टाइम्स ऑफ इंडिया", पटना के विरुद्ध श्री सीताराम राजगढ़िया की शिकायत ।
21.	संध्या दैनिक "प्रतिदिन", लखनऊ के विरुद्ध श्री पशुपतिनाथ सिंह की शिकायत ।
22.	चाणक्य ब्यूरो, दिल्ली के विरुद्ध निदेशक, जी० बी० पन्त अस्पताल, नई दिल्ली की शिकायत ।
23.	सन्देश, अहमदाबाद के विरुद्ध गुजरात अधीनस्थ सेवा चयन समिति की शिकायत ।
24.	"सण्डे" के विरुद्ध श्री के० नटवर सिंह की शिकायत ।
25.	अमर उजाला, मेरठ के विरुद्ध कार्यालय प्रबन्धक, सिम्भौली सुगर मिल्स लिमिटेड, गाजियाबाद की शिकायत ।
26.	सप्तक स्वर्ण दर्पण, झांसी के विरुद्ध श्री डी० पी० सिंह, उप निदेशक, राष्ट्रीय मृदा संरक्षण (कृषि) निदेशालय, झांसी की शिकायत ।
27.	ललित ब्रह्मन, झांसी के विरुद्ध श्री डी० पी० सिंह, उप निदेशक, राष्ट्रीय मृदा संरक्षण (कृषि) निदेशालय, झांसी की शिकायत ।
28.	दिल्ली की कलम, दिल्ली के विरुद्ध श्री हरभजन सिंह की शिकायत ।

क्र०सं०	विवरण
29.	इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इण्डिया, बंबई के विरुद्ध श्री जोसेफ डेज, विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट तथा अध्यक्ष, क्रिश्चियन रिवाइवल ओरिएण्टेड सोशियल सर्विस, बंबई की शिकायत ।
30.	सोसायटी मैगजीन के विरुद्ध श्री बी० एम० राय की शिकायत ।
31.	किसान पथ के विरुद्ध श्रीमती प्रियंवदा आचार्य, सहायक बाल विकास परियोजना अधिकारी की शिकायत ।
32.	महानगर गुवाहाटी के विरुद्ध श्री चन्द्र शर्मा, संयुक्त निदेशक, मृदा संरक्षण विभाग, गुवाहाटी की शिकायत ।

वर्ष 1993-94 के दौरान सेंसर किए गए समाचार-पत्रों की सूची

क्र०सं०	विवरण
1.	नया खून, हिन्दी पाक्षिक, नई दिल्ली के विरुद्ध सुश्री रेखा की शिकायत ।
2.	स्वतंत्र भारत, लखनऊ के विरुद्ध लखनऊ के श्री राम कृपाल की शिकायत ।
3.	निष्पक्ष प्रतिदिन, लखनऊ के विरुद्ध लखनऊ के श्री राम कृपाल की शिकायत ।
4.	चेतना विचारधारा, लखनऊ के विरुद्ध लखनऊ के श्री राम कृपाल की शिकायत ।
5.	स्वतंत्र चेतना, लखनऊ के विरुद्ध लखनऊ के श्री राम कृपाल की शिकायत ।
6.	नवाकाल, मराठी दैनिक, बम्बई के विरुद्ध अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, सी० आई० डी० की शिकायत ।
7.	पुलिस न्यूज वीकली, मद्रास के विरुद्ध डॉ० मठान कुमार डेनियल की शिकायत ।
8.	तलत की आवाज, हिंदी साप्ताहिक, मुजफ्फरनगर के विरुद्ध डॉ० वाजिद अली खां की शिकायत ।
9.	दिनांक 26.6.1992 के चिन्ते और बोचारे संस्करण के विरुद्ध शंकर नमकीन भंडार, सहारनपुर की शिकायत ।
10.	दिनांक 19.6.1992 की चिन्ते और बोचारे संस्करण के विरुद्ध शंकर नमकीन भंडार, सहारनपुर की शिकायत ।
11.	दिनांक 19.7.1992 के चिन्ते और बोचारे संस्करण के विरुद्ध शंकर नमकीन भंडार, सहारनपुर की शिकायत ।
12.	चिन्ते और बोचारे के विरुद्ध श्री एच० पी० चौर, फैक्ट्री प्रबंधक, स्टार पेपर मिल्स, सहारनपुर की शिकायत ।
13—15.	(क) बहुजन संघर्ष, हिन्दी साप्ताहिक, दिल्ली के विरुद्ध श्री निरंजन लाल शर्मा (ख) श्री रण किशन सवादा तथा (ग) भारतीय लेखक पत्रकार संघ, बम्बई की शिकायत ।
16.	नेशनल सर्विस, लखनऊ के विरुद्ध करनाल की सुश्री हरिन्दर कौर की शिकायत ।
17.	अजीमाबाद एक्सप्रेस, पटना के विरुद्ध डॉ० ए० आर० बेदार, निदेशक, खुदा बख्श ओरियण्टल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना की शिकायत ।
18.	इण्टरनेशनल उर्दू मीडिया, नई दिल्ली के विरुद्ध सुश्री कहकशां की शिकायत ।
19.	"कूटयुद्ध" दैनिक सायंकालीन समाचार पत्र, जयपुर के विरुद्ध श्री दामोदर प्रसाद गोयल की शिकायत ।
20.	"कूटयुद्ध" हिंदी सायंकालीन समाचार पत्र, जयपुर के विरुद्ध श्रीमती सुधा रानी अग्रवाल, अध्यापिका, श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल, जयपुर की शिकायत ।
21.	भोपाल की "सतपुड़ा वाणी" के विरुद्ध श्री सुदर्शन महाजन, वकील तथा भा० ज० पा० जिला अध्यक्ष, सीहोर की शिकायत ।
22.	"नन्दागांव टाइम्स" राजनांदगांव (म० प्र०) के विरुद्ध अध्यक्ष, अम्बेडकर सेवा समिति तथा मदर्स, राजनांदगाव की शिकायत ।
23.	"नन्दगांव टाइम्स" राजनांदगांव के विरुद्ध अध्यक्ष, द बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया, राजनांदगांव (म० प्र०) की शिकायत ।
24.	बांदा, (उ० प्र०) के हिंदी दैनिक "मन्दाकिनी धारा" के विरुद्ध प्रधानाचार्य, राजकीय डिग्री कॉलेज, बांदा, (उ० प्र०) की शिकायत ।
25.	स्थानीय संपादक "अमर उजाला" हिंदी दैनिक, कानपुर, (उ० प्र०) के विरुद्ध डॉ० शंकर दत्त ओझा, आई० ए० एस० तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट, बांदा की शिकायत ।

क्र०सं०	विवरण
26.	डबरा सन्देश, साप्ताहिक के विरुद्ध सुश्री वृन्दा सहाय, प्रधानाचार्या, शासकीय विद्यालय (डबरा), ग्वालियर की शिकायत ।
27.	इंडियन एक्सप्रेस, नई दिल्ली के विरुद्ध श्री एस० एम० खां, सूचना अधिकारी, सी० बी० आई० नई दिल्ली ।
28.	बुधवार, गुवाहाटी के विरुद्ध असम सरकार, गृह (बी) विभाग, गुवाहाटी की शिकायत ।
29.	लंगोटी स्वर, हिन्दी साप्ताहिक (म० प्र०) के विरुद्ध पेटलावद के डॉ० पुष्पेन्द्र शर्मा की शिकायत ।
30.	पुलिस, तमिल साप्ताहिक, मद्रास के विरुद्ध उप निदेशक, अंतर्राष्ट्रिय योग शिक्षा केन्द्र, कोट्टाकुप्पम की शिकायत ।
31.	मुन्नार न्यूज (केरल) के विरुद्ध द हाई रेंज स्कूल, मुन्नार के मुख्याध्यापक की शिकायत ।
32.	लंकेश पत्रिका, बंगलौर के विरुद्ध सचिव, साक्षार्थ संग्राम समिति, रायचूर की शिकायत ।
33.	केनरा टाइम्स, मंगलोर के विरुद्ध सचिव, भात्कल जमातुल मुस्लिमीन, बंगलौर की शिकायत ।
34.	आशुतोष, हिंदी साप्ताहिक, भोपाल के विरुद्ध श्री जी० सी० आर्य, नई दिल्ली की शिकायत ।
35.	अजीमाबाद एक्सप्रेस, पटना के विरुद्ध डॉ० बेदार, निदेशक, खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना की शिकायत ।

Upgradation of TV and Air Station in Orissa

4485. SHRI RAHAS BIHARI BARIK : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether Government propose to upgrade the T.V. and All India Radio stations set up in the backward areas of the country ;

(b) if so, details of such Doordarshan Kendras and All India Radio Stations in Orissa ;

(c) whether T.V. relay centre and All India Radio stations set up at Keonjhar-garh in that State are proposed to be upgraded during the Eighth Five Year Plan; and

(d) if so, the details thereof 7

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO) : (a) Yes, Sir.

(b) The TV transmitter at Sambalpur is being considered for upgradation from 1 KW to 10 KW. The All India Radio's 20 KW MW transmitter at Sambalpur if being upgraded to 100 KW MW tran»-mitter.

(c) No Sir.

(d) Does not arise.

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में दूरदर्शन प्रसारण

4486. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में इस समय कुल कितने दूरदर्शन और रिले केन्द्र हैं;

(ख) उत्तर प्रदेश में उन क्षेत्रों के नाम क्या हैं जहां दूरदर्शन नहीं पहुंच पाता है; और

(ग) उत्तर प्रदेश में और अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में दूरदर्शन प्रसारण का विस्तार करने के लिए और नए दूरदर्शन केन्द्रों/रिले केन्द्रों को स्थापित करने की क्या योजना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) महोदय, 65 टी० वी० ट्रांसमीटर ।

(ख) जहां दूरदर्शन की उपग्रह प्रदत्त सेवा संपूर्ण देश में उपलब्ध है, वहीं उत्तर प्रदेश के सभी जिलों को पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से स्थलीय ट्रांसमिशन उपलब्ध है, जिससे राज्य की 92.4% जनसंख्या तथा 79% क्षेत्र को कवरेज उपलब्ध हो रही है ।

(ग) राज्य में भिन्न भिन्न शक्तियों के 41 और टी० वी० ट्रांसमीटर कार्यान्वयनाधीन/स्थापित किए जाने के लिए परिकल्पित हैं । इन ट्रांसमीटरों के शुरू होने पर राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों सहित 44.5% जनसंख्या तथा 82.8% क्षेत्र तक कवरेज बढ़ जाने की आशा है ।

बांका (बिहार) में दूरदर्शन केन्द्र का स्थापित किया जाना

4487. **श्री जनार्दन यादव** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बांका (बिहार) में एक दूरदर्शन केन्द्र खोलने की स्वीकृति मिली थी; और